अमर उजाला 22/03/2023

# रैली निकालकर किया ऑनर किलिंग के खिलाफ जागरूक




ऑनर किलिंग के खिलाफ आयोजित रैली को रवाना करते प्राचार्य। संवाद

**अंबाला।** रैली निकाल ऑनर किलिंग के खिलाफ जागरूक किया गया। साथ ही इस विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन लीगल लिटरेसी सेल की ओर से किया गया। इसमें जीएमएन कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर डॉ. मीनू राठी, डॉ. सरोज बाला, डॉ, नीना कुमारी आदि उपस्थित रहे। संवाद